महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक– 502/पी.ए./2022 दिनांक– 06/09/2022

अति आवश्यक/तत्काल

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/संस्थान
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषयः पाठ्यक्रमवार अनुमोदित सीटों का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व प्रेषित पत्रांक संख्या– 311/पी.ए./2022 **दिनांक 28.06.2022 एवं पत्रांक संख्या–468/पी.ए./2022, दिनांक 25.08.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,** जिसके माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संगत शासनादेश के अनुरूप **पाठ्यक्रमवार अनुमोदित सीटों का विवरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था।** किन्तु आज दिनांक 06.09.2022 तक अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा उनके महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम एवं अनुमोदित सीटों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश सम्बन्धित वेबसाइट https://admission.msdsuonline.in के डैशबोर्ड पर दिए गए Add/Edit College Seat के माध्यम से अपने महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के विषय एवं विश्वविद्यालय के द्वारा अनुमोदित सीटों का विवरण निर्धारित प्रारूप (वेबसाइट https://admission.msdsuonline.in पर उपलब्ध) **दो दिनों (08.09.2022) के अन्तर्गत अनिवार्यतः उपलब्ध कराने का कष्ट करें,** अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशित छात्रों का विश्वविद्यालय पोर्टल पर पंजीकरण/सत्यापन सम्भव नहीं होगा, जिसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

कुलसचिव